—::— छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन —::—

——————प्रधान—कार्यालय, उद्योग भवन, तृतीय तल, रिंग रोड नं0—1, रायपुर (छ0ग0)——————

क्रमांक/छगवेका/स्था0/2018—19/ 11915 रायपुर दिनांक 07/9/18

——::आदेश::——

निगम के संचालक मण्डल की 38वीं बैठक दिनांक 25.09.2017 के प्रस्ताव एवं ठहराव क्रमांक 38.07 में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों के लिये, छ0ग0 शासन, वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक 224/एफ 2016—04—03303/वित्त/नियम/चार, नया रायपुर दिनांक 19.05.2017 (वित्त निर्देश 18/2017 एवं 19/2017) के तहत, "छत्तीसगढ़ वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017" एवं इससे संबंधित समय—समय पर जारी निर्देशों को यथावत लागू करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई, एवं निगम/मण्डलों के संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

छ0ग0 शासन वित्त विभाग द्वारा, निगम/मण्डलों को छ0ग0 वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 का लाभ दिये जाने हेतु, वित्त निर्देश 50/2018 दिनांक 05.09.2018 एवं वित्त निर्देश 51/2018 दिनांक 06.09.2018 जारी किये गये है।

अतः संचालक मण्डल के निर्णय के परिपालन में एवं छ0ग0 शासन के वित्त निर्देशों के अंतर्गत, इस निगम के नियमित अधिकारी/कर्मचारियों को "छ0ग0 वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017" (सांतवा वेतनमान) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार वेतन पुनरीक्षण करते हुये दिनांक 01.07.2018 से आर्थिक लाभ स्वीकृत किया जाता है।

दिनांक 01.01.2016 से दिनांक 30.06.2018 तक के वेतन निर्धारण की गणना काल्पनिक रूप से करते हुये आर्थिक लाभ दिनांक 01.07.2018 से देय होगा। दिनांक 01.07.2018 से पूर्व के एरियर्स के संबंध में राज्य शासन द्वारा पृथक से निर्णय लिया जावेगा।

छ0ग0 शासन, वित्त विभाग द्वारा जारी तत्संबंधी वित्त निर्देश एवं समय—समय पर जारी नवीन/संशोधित नियम/निर्देश यथावत इस निगम में भी लागू होगें।

प्रबंध संचालक

क्रमांक/छगवेका/स्था0/2018—19/ 11915 रायपुर दिनांक 07/9/18

प्रतिलिपि :— सूचनार्थ प्रेषित।

1. निज सचिव, माननीय अध्यक्ष महोदय छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर।
2. निज सहायक, प्रबंध संचालक छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर।
3. सचिव/महाप्रबंधक छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर।
4. प्रबंधक (कार्मिक/वाणिज्य/लेखा/तकनीकी/कर्पोरेट—लेखा) कार्यपालन अभियंता छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर।
5. समस्त शाखा प्रबंधक छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन छत्तीसगढ़।
6. वेतन शाखा/भविष्य निधि/ग्रेज्युटी शाखा छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर।
7. प्रोग्रामर/सहायक प्रोग्रामर छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय रायपुर को निर्देशित है, कि निगम की वेबसाईट पर अपलोड करें।
8. मास्टर नस्ती।

प्रबंध संचालक

7th pay fixcation2018/soni/HMS/07-09-2018